भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 166
दिनांक 02.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

महाराष्ट्र में आईएचएचएल

166. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) के अंतर्गत महाराष्ट्र में, विशेषकर ठाणे जिले में अब तक निर्मित व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों (आईएचएचएल) की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) महाराष्ट्र में विशेषकर ठाणे जिले में एसबीएम-जी योजना के द्‌वितीय चरण के अंतर्गत निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) एसबीएम-जी मिशन की स्थापना से लेकर आज तक इसके अंतर्गत ठाणे जिले में स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में, विशेषकर ठाणे जिले में जैव-अपघटनीय अपशिष्ट प्रबंधन और 'ग्रे-जल' प्रबंधन के लिए निर्मित और निर्माणाधीन इकाइयों की संख्या का ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्य द्‌वारा सूचित किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक (30.01.2023 तक) महाराष्ट्र में एसबीएम (जी) के तहत 68.90 लाख व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) का निर्माण किया गया है, जिनमें से 90,436 आईएचएचएल का निर्माण ठाणे जिले में किया गया है।

(ख): राज्य द्‌वारा आईएमआईएस पर सूचित किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक (30.01.2023 तक) महाराष्ट्र में एसबीएम (जी) के चरण-II के तहत 6,605 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (सीएससी) का निर्माण किया गया है, जिनमें से 58 सीएससी का निर्माण ठाणे जिले में किया गया है।

(ग): एसबीएम (जी) के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी की जाती हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा जिलों को इसका आगे वितरण किया जाता है। एसबीएम (जी) के तहत 2014-15 से 2022-23 तक भारत सरकार द्वारा महाराष्ट्र को आबंटित केंद्र के हिस्से की निधियों और राज्य द्वारा आहरित निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

वर्ष	आबंटित निधि	राज्य द्वारा आहरित निधि
2014-15	236.11	236.11
2015-16	1014.30	567.45
2016-17	528.94	528.94
2017-18	1235.34	1235.34
2018-19	2709.52	1352.92
2019-20	679.67	396.97
2020-21	340.62	276.75
2021-22	1372.73	0.00
2022-23 (30.01.2023 तक)	1740.11	0.00
कुल		**4594.48**

(घ): राज्य द्वारा एसबीएम(जी) के आईएमआईएस पर दी गई सूचना के अनुसार, महाराष्ट्र तथा ठाणे जिले में एसबीएम(जी) के तहत निर्मित और अन्य योजनाओं के सामंजस्य में बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रे-वाटर प्रबंधन के लिए सुविधाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाएं	**महाराष्ट्र**	**ठाणे जिला**
सामुदायिक खाद के गड्ढों की संख्या	10,922	265
सामुदायिक जैव-गैस संयंत्रों की संख्या	861	1
कचरे के संग्रहण और परिवहन के लिए वाहनों की संख्या	4,762	91
सार्वजनिक स्थानों पर पृथक्करण डिब्बे	6,213	11
अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण शेड की संख्या	3,084	2

ग्रे-वाटर प्रबंधन सुविधाएं	**महाराष्ट्र**	**ठाणे जिला**
सामुदायिक सोख्ता गड्ढों/लीच पिट्स/मैजिक पिट्स की संख्या	14,214	71
सामुदायिक ग्रे-वाटर प्रबंधन प्रणालियों (अपशिष्ट स्थिरीकरण तालाब, निर्मित आर्द्रभूमि, आदि) की संख्या	1,767	11
जल निकासी सुविधा की संख्या	23,913	110
घरेलू खाद के गड्ढों की संख्या	53,046	112
व्यक्तिगत जैव-गैस संयंत्रों की संख्या	6,920	13
व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढों/ लीच पिट्/ मैजिक पिट्/ किचन गार्डन की संख्या	6,48,675	3,522